पत्र संख्या –26 / विविध–06–03 / 2026 ..... /

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, प्रमंडल लालगंज के अंतर्गत गंगा नदी के बाएं तट पर तेरसियां एवं रामचेरा में कटाव निरोधक कार्य, एकरारनामा सं0–06SBD/2020-21 (एजेण्डा सं0–159 / 02 / 2020) के तहत संवेदक श्री ब्रजधारी कुमार, ग्राम+पो0–जमालपुर लालगंज, जिला–वैशाली, पिनकोड–844121 द्वारा कराया गया।

2. उक्त निविदा का कार्य पूर्ण होने के उपरांत अंतिम विपत्र पारित किये जाने के क्रम में संवेदक द्वारा जाली / फर्जी Turnover संबंधी अभिलेख के आधार पर निविदा प्राप्त करने का परिवाद प्राप्त हुआ। परिवाद की जाँच के क्रम मे संवेदक द्वारा निविदा के साथ संलग्न वर्ष 2014–15 के Turnover संबंधी अभिलेख का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, लालगंज के पत्रांक–403 दिनांक–06.05.2020 द्वारा सी0ए0 श्री विमल शत्रुधन एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंट से कराया गया। सी0ए0 श्री विमल शत्रुधन एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंट के पत्रांक–शून्य दिनांक–08.06.2020 से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि निविदा में संलग्न वर्ष 2014–15 के Turnover की राशि भिन्न है, जिससे प्रमाणित है कि संवेदक द्वारा जाली / फर्जी Turnover संबंधी अभिलेख के आधार पर निविदा प्राप्त किया गया।

3. संवेदक द्वारा जाली / फर्जी Turnover संबंधी अभिलेख के आधार पर निविदा प्राप्त करने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–70 दिनांक–03.01.2026 के द्वारा संवेदक के निबंधन के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है।

4. मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–131 दिनांक–08.01.2026 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गयी। तदालोक में संवेदक के पत्रांक–शून्य दिनांक–21.01.2026 द्वारा अपने कार्यालय तथा chartered Accountant (CA) से जानकारी प्राप्त करने के लिए एक माह का अतिरिक्त समय देने हेतु अनुरोध किया गया। तदालोक में संवेदक को कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित करने हेतु एक सप्ताह का अतिरिक्त समय स्वीकृत किया गया।

5. उक्त के आलोक में संवेदक के पत्रांक–शून्य दिनांक–19.02.2026 से पुनः आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, लालगंज के पत्रांक–403 दिनांक–04.06.2020 के साथ–साथ CA Bimal Shatrudhan & Company chartered Accountant के पत्रांक–शून्य दिनांक–08.06.2020 द्वारा समर्पित सत्यापन पत्र की छायाप्रति उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। तदालोक में विभागीय पत्रांक–1296 दिनांक–09.03.2026 द्वारा संवेदक को याचित अभिलेख उपलब्ध करा दी गयी। संवेदक द्वारा पुनः दिनांक–12.03.2026 को आवेदन समर्पित करते हुए, निविदा सं0–6SBD/2019-20 (ग्रुप सं0–01) के बीड में संलग्न 2014–15, 2015–16, एवं 2016–17 चार्टर्ड टर्न ओभर विवरण की छायाप्रति की मांग की गयी।

6. संवेदक द्वारा मामले में कारण–पृच्छा का जवाब न देकर बार–बार विभाग से अभिलेख की मांग किये जाने से स्पष्ट होता है कि संवेदक द्वारा जवाब देने के बजाय मामले को टालने का प्रयास किया जा रहा है।

7. संवेदक द्वारा फर्जी/जाली अभिलेख/कागजात के आधार पर निविदा प्राप्त किया गया। फर्जी/जाली अभिलेख/कागजात के आधार पर निविदा प्राप्त किया जाना, बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम–11 (क) के उपनियम (vii) के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है।

अतः संवेदक श्री ब्रजधारी कुमार, वैशाली को (निबंधन सं0–WRD051023C1IN00070, श्रेणी–प्रथम) को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम–11 (क) के उपनियम (vii) में प्रावधानित कदाचार के तहत दोषी पाते हुए विभागीय आदेश सं0–201 दिनांक–14.03.2016 के आलोक में अगले 10 वर्षों के लिए कालीकृत किया जाता है।

ह0/–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :– 26/विविध–06–03/2026 पटना/दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– श्री ब्रजधारी कुमार, ग्राम+पो0–जमालपुर लालगंज, जिला–वैशाली, पिनकोड–844121 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–03/2026 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–03/2026 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–03/2026 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर को पत्रांक–70 दिनांक–03.01.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–03 / 2026 1816 पटना, दिनांक : 6/4/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।